अटल के नेतृत्व दिखी उत्कृष्ट सरकार

जासं, रांची : अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फार लीडरशिप, पालिसी एंड गवर्नेंस ने सुशासन दिवस मनाया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 97वीं जयंती पर मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार अर्जुन मुंडा की उपस्थिति में श्रद्धांजलि दी गई।

विशिष्ट अतिथि दीपक प्रकाश सांसद सदस्य राज्यसभा, संजय सेठ सांसद, प्रो शैलेन्द्र सिंह निदेशक, आइआइएम रांची, प्रवीण शंकर पंड्या अध्यक्ष बीओजी, आईआईएम रांची मौजूद रहे। भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमें खुशी है कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हमने प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि उत्कृष्ट सरकार क्या होती है। सुशासन में दूसरों पर हावी होना या उनका प्रबंधन करना शामिल नहीं है। बल्कि, यह किसी के आदर्शों, अनुशासन, विचारों और मूल्यों को नियंत्रित करने और उन्हें मजबूत नींव बनाने के लिए एकीकृत करने पर जोर देता है ।

आइआइएम के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संजय सेठ व दीपक प्रकाश • जागरण

Dainik Jagran, 26.12.2021, Pg. 04